वेबसाइट:www.bankofbaroda.in ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:** **Mumbai**

तारीख/**Date: 22.03.2023**

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में पेयजल के दो कियोस्क की भेंट

मुंबई, 22 मार्च, 2023: बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने अपनी ESG गतिविधियों के तहत, आज मुंबई के बोरीवली में स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में पेयजल के दो कियोस्क भेंट किए। इनमें से एक कियोस्क उद्यान के मुख्य कार्यालय में लगाया गया है, जबकि दूसरा कियोस्क संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान परिसर के अंदर बेहद लोकप्रिय कन्हेरी गुफाओं के प्रवेश द्वार पर लगाया गया है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री ललित त्यागी ने गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर दोनों पेयजल कियोस्क सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के वरिष्ठ वन-अधिकारी, धावकों का समूह और बड़ी संख्या में बैंक के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

पेयजल के दोनों कियोस्क उद्यान के भीतर ऐसे दो महत्वपूर्ण जगहों पर लगाए गए हैं जहां पार्क में आने वाले पर्यटकों द्वारा पेयजल सुविधा की सबसे ज़्यादा मांग की जाती है। इन दोनों कियोस्क के माध्यम से उद्यान में आने वाले पर्यटकों के साथ-साथ संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में काम करने वाले कर्मचारियों को भी पीने के लिए शुद्ध एवं शीतल जल उपलब्ध होगा। इन दोनों कियोस्क में पीने के लिए शुद्ध पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आरओ की सुविधा के साथ-साथ वॉटर कूलर भी लगाए गए हैं। संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान का कुल क्षेत्रफल 103 वर्ग किलोमीटर है और प्रति वर्ष 20 लाख से अधिक पर्यटक सैर-सपाटे के लिए यहां आते हैं। लगभग 20,000 लोग प्रतिदिन अपने दैनिक पास का उपयोग करते हैं और राष्ट्रीय उद्यान में सुबह की सैर के लिए आते हैं। कन्हेरी गुफाएं संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के भीतर स्थित हैं और पार्क में कुल 109 गुफ़ाएं हैं।

इस अवसर पर **बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री ललित त्यागी** ने कहा, "संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान बिल्कुल अनोखे और हरियाली से भरे रमणीय स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यह मुंबईवासियों के लिए एक हरा-भरा अभयारण्य है, जहां वे कुदरत की खूबसूरती और वन्य जीवन का आनंद ले सकते हैं, सैर कर सकते हैं, व्यायाम कर सकते हैं और शहर के बीचों-बीच ताज़ा हवा में सांस ले सकते हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा में, हम इस देश के एक ज़िम्मेदार घटक के रूप में अपनी भूमिका को अच्छी तरह समझते हैं और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के साथ मिलकर लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। खास तौर पर गर्मी के मौसम में पेयजल के कियोस्क की अहमियत काफी बढ़ जाएगी, क्योंकि इस दौरान पार्क में बच्चे, पर्यटक, ट्रैकर्स, साइकिल चालक और बुज़ुर्ग लोग बड़ी संख्या में मौजूद होते हैं। इसी तरह, यह हर उम्र के उन सभी लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा जो राष्ट्रीय उद्यान में प्रतिदिन दौड़ने, साइकिल चलाने और टहलने के लिए आते हैं।"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा धरती को अधिक हरा-भरा और संवहनीय बनाने की दिशा में योगदान देने हेतु प्रतिबद्ध है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है. 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं।
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com